



# चातुर्मास के लिए कलश स्थापित

## आचार्यश्री समयसागर महाराज से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया आशीर्वाद

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 2 अगस्त. राजधानी के एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में रविवार को आचार्यश्री समयसागर महाराज के चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए और उन्होंने आचार्यश्री से आशीर्वाद लिया.**


इस अवसर पर आचार्यश्री ने कहा कि केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि संस्कार के साथ शिक्षा जरूरी है, तभी समाज में सही बदलाव आएगा. उन्होंने अहिंसा और जीव दया को भी जीवन का आधार बनाने की बात कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि संतों के सानिध्य से समाज को सही दिशा मिलती है और ऐसे आयोजनों से लोगों में सकारात्मक सोच विकसित होती है. उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को शासक नहीं, बल्कि सेवक के रूप में काम करना चाहिए. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ देश की परंपरा और संस्कारों को आगे बढ़ाना जरूरी है, तभी समाज मजबूत बनेगा. उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.

इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, राहुल कोठारी, रविंद्र यति और राजकुमार पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन के मुताबिक कलश स्थापना में बड़ी संख्या में त्यागी व्रती और श्रद्धालु शामिल हुए. कार्यक्रम में अलग-अलग सामाजिक और धार्मिक संगठनों के लोग भी जुड़े.

### चातुर्मास कलश से मिलती है आध्यात्मिक उर्जा



भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि चातुर्मास कलश स्थापना आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है. आचार्यश्री समयसागर महाराज के सान्निध्य से समाज को संयम, अहिंसा और संस्कारों की प्रेरणा मिलती है. ऐसे आयोजन से शहर में सकारात्मक वातावरण और धार्मिक जागरुकता बढ़ती है.



प्रमोद जैन ने कहा गुरुदेव के दर्शन करने से आत्म शांति मिली है. गुरुदेव के चरणों में दान राशि भी अर्पित की, जिसे उन्होंने अपने जीवन का सौभाग्य बताया.



विदिशा से आए अशोक कुमार जैन ने कहा अध्यात्म ज्ञान प्राप्त करने, संतों के मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का संकल्प लेकर चातुर्मास में शामिल हुआ हूं.

# जीवन की दिशा तय करते हैं कर्म : पुष्पानंदन

## गुजराती भवन में नानी बाई का मायरा का समापन





**निज संवाददाता**

**भोपाल, 2 अगस्त. माहेश्वरी समाज के तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ. अंतिम दिन सावरिया सेठ द्वारा मायरा भरे जाने के साथ ही कार्यक्रम अपने आखिरी अध्याय पर पहुंचा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

इस दौरान महिलाएं लाल राजपूताना पोशाक में और पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा में नजर आए, जिससे पारंपरिक संस्कृति का माहौल और मजबूत हुआ. मंगल गीतों और जयकारों के बीच पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नज़र आए. इस दौरान लोगों ने समाज सेवा, धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया. कथावाचक पं. पुष्पानंदन महाराज ने प्रवचन में कहा कि इंसान के कर्म ही उसके जीवन की दिशा तय करते हैं. उन्होंने कहा कि समय बदलता रहता है, अच्छे समय में साथ देने वाले लोग ज्यादा होते हैं, लेकिन कठिन दौर में आस्था ही सहारा बनती है. नानीबाई का मायरा का समापन पूजन, आरती के साथ हुआ. कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी और राजकुमार पटेल मौजूद रहे.

### आयोजकों से नवभारत की बातचीत



आयोजक समिति के सदस्य दीपक पसारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतिम दिन आयोजित 'नानी बाई का मायरा' रहा. यहां से यह सीख मिली कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और आपसी प्रेम व एकता बढ़ाते हैं. टीमवर्क से आयोजन सफल रहा.



चतुर्भुज मालपानी ने बताया कि कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया. ऐसे आयोजन युवाओं को संस्कृति, भक्ति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ते हैं. उन्होंने कहा कि जीवन में संतुलन जरूरी है. युवा संस्कारों के साथ आगे बढ़े, तभी समाज मजबूत बनेगा.

# पहले श्रावण सोमवार पर आज होगा शिव का अभिषेक, श्रृंगार

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 2 अगस्त.** सावन के पहले सोमवार को शहर के मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना होगी. गुफा मंदिर में देर शाम देर रात अभिषेक और श्रृंगार के बाद शयन आरती होगी. सुबह 4 बजे पट खुलेंगे और शाम 6 बजे तक दर्शन होंगे. इसके बाद फिर से अभिषेक शुरू होकर रातभर चलेगा. बटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान को भूतेश्वर स्वरूप में सजाया जाएगा. सुबह महारुद्राभिषेक और शाम को भस्म व फूलों से विशेष श्रृंगार के बाद रात 9 बजे महाआरती होगी. छोला मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में शाम 4 बजे बाबा की सवारी निकाली जाएगी. इसके बाद फूलों से श्रृंगार किया जाएगा.

### एक नजर में



### शिविर में 190 लोगों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण

**भोपाल, 2 अगस्त.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने रविवार को भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से छोला रोड स्थित गणेश मंदिर में नि:शुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया. शिविर में 190 लोगों की आंखों की जांच की गई. जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया. अन्य मरीजों नि:शुल्क दवाईयां दी गई. सभी लोगों के ब्लड प्रेशर, मधुमेह की जांच की गई. अगला शिविर 9 अगस्त को आर्य भवन, गौतम नगर, भोपाल में लगेगा. इस अवसर पर शिविर संयोजक नारायण सिंह कुशवाह, गणेश मंदिर समिति के राजेश यादव, अमित बाजपेयी, हरीनारायण पंथी, राधेश्याम चौरसिया उपस्थित थे.

### किशोर कुमार के गीतों की दी प्रस्तुति



**भोपाल, 2 अगस्त.** मुस्कान संगीत समूह के गायक-गायिकाओं ने लायन सिटी गार्डन में किशोर दा की जयंती की पूर्व संध्या पर मधुर गीतों की शाम सजाई. समूह के प्रमुख मोहन बेलानी, उनके साथियों ने सुमधुर गीत किशोर कुमार के अंदाज में सुनाए. किशोर दा को याद करते हुए अशोक मनवानी ने कहा कि किशोर कुमार मप्र की माटी में जन्मे थे. जन्मभूमि खंडवा से उन्हें बेहद लगाव था. एक गायक होने के साथ ही वे फिल्मों में नायक, निर्देशक भी बने और संगीत निर्देशन देने का कार्य भी किया. सरस्वती मां के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. कार्यक्रम में सुरंगमा सक्सेना, सोनाली श्रीवास्तव, चाहत कौर, प्रकाश साधवानी, मनीषा बुधौलिया, मनीष सक्सेना आदि ने किशोर कुमार के गाए एकल और युगल गीतों की पेशकश दी.

### सेंट थेरेसा, शिशुकुंज और आईटीएम बने चैंपियन

**भोपाल, 2 अगस्त(खेल प्रतिनिधि).** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में पांच दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-12 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ. प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों के फाइनल मुकाबलों के बाद सेंट थेरेसा गर्ल्स स्कूल भोपाल ने अंडर-14, द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने अंडर-17 और आईटीएम ग्लोबल स्कूल, ग्वालियर ने अंडर-19 वर्ग का खिताब अपने नाम किया. प्रतियोगिता में देश के विभिन्न स्कूलों की 84 टीमों के करीब 830 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. पांच दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर खेल और टीम पार्टनरशिप का प्रदर्शन किया. विजेता और उपविजेता टीमों को समापन समारोह में ट्रॉफी, पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूनम चौकसे ने खिलाड़ियों को बधाई दी.

### रामकथा में साधना और कृपा का बताया महत्व

**भोपाल, 2 अगस्त.** मानस भवन में आयोजित रविवार को श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर ने कहा कि साधना में प्रयत्न और कृपा में प्रतीक्षा दोनों का जीवन में विशेष महत्व है. किष्किंधा कांड के संपाती प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि माता सीता की खोज में हनुमानजी सहित वानर दल ने पूरी शक्ति और विवेक के साथ पुरुषार्थ किया. जब सभी प्रयासों के बाद भी सफलता नहीं मिली, तब देवी स्वयंप्रभा ने उन्हें प्रभु की कृपा पर विश्वास रखते हुए प्रतीक्षा करने का संदेश दिया. मुख्य अतिथि प्रियंक मिश्र ने कहा कि ईश्वर की कृपा से सत्संग का अवसर मिलता है, जिसका लाभ उठाकर जीवन का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है. इस अवसर पर दीदी मंदाकिनी द्वारा रचित अंग्रेजी पुस्तक 'राम और काम' का विमोचन किया गया. कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र रावत ने किया और आभार माधवसिंह दांगी ने माना.

### नगर में आज

**किशोर कुमार संगीत संध्या**

**समय –** शाम 6:00 बजे से, **स्थान –** रवींद्र भवन, अंजनी सभागार

# रसायन विज्ञान के जादुई प्रयोगों से सीखा सिद्धांत

▸ **आंचलिक विज्ञान केंद्र में मनाया केमिस्ट्री डे**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 2 अगस्त. आंचलिक विज्ञान केन्द्र में रविवार को आयोजित केमिस्ट्री डे में विशेषज्ञों ने अपनी मेज पर रखे पारदर्शी घोलों को पलक झपकते ही रंगों में बदल दिया.**

धुएं के छल्लों और रंग-बिरंगे रासायनिक प्रयोगों के इस रोमांचक प्रदर्शन ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में महान भारतीय रसायनज्ञ आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए रखी गई चित्रात्मक प्रश्नोत्तरी से हुई. रसायन की भूमिका पर केंद्रित इस स्पर्धा में बच्चों ने अपनी तार्किक क्षमता का लोहा मनवाया. बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले दस बाल वैज्ञानिकों को पुरस्कृत किया गया. ग्रैंड केमिस्ट्री डेमोंस्ट्रेशन शो में विशेषज्ञों ने रसायनों के कई प्रयोग दिखाए. तरल पदार्थों के बीच हुई प्रतिक्रियाओं और उनसे बनने वाले जादुई दृश्यों ने बच्चों के मन से विज्ञान का डर पूरी तरह खत्म कर दिया. हैंड्स ऑन कार्यशाला में बच्चों, उनके परिजनों ने खुद टेस्ट ट्यूब और बीकर थामकर रासायनिक प्रयोग किए. केन्द्र प्रमुख साकेत सिंह कौरव ने कहा कि ऐसे आयोजनों का असली मकसद विज्ञान को किताबों से बाहर निकालकर आम जीवन से जोड़ना है. जब बच्चे खुद प्रयोग करके देखते हैं तो उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपने आप आकार लेने लगता है.



### वरिष्ठ छायाकार जगदीश कौशल सम्मानित

**भोपाल, 2 अगस्त.** मानस भवन में शनिवार शाम को आयोजित 56 वें गुरु वंदना महोत्सव में नगर की आठ विभूतियों को कला श्रेष्ठ आचार्य अलंकरण से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ छायाकार पूर्व अपर संचालक जनसंपर्क 93 वर्षीय जगदीश कौशल को भी उनकी विगत 75 वर्ष की फोटोग्राफी कला की साधना के लिए कला श्रेष्ठ आचार्य अलंकरण से सम्मानित किया गया.

# 458 में से 267 युवा दौड़ में हुए सफल

## पैसे लेकर चयन करने, दलाल या फर्जी एजेंट से बचें

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 2 अगस्त. नाथू बरखेड़ा अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही अग्निवीर सेना भर्ती रैली के छठे दिन रविवार को बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, नर्मदापुरम और नरसिंहपुर जिले के अभ्यर्थियों ने शारीरिक कुशलता परीक्षा में हिस्सा लिया.**

आयोजकों के अनुसार 532 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 458 ने उपस्थित रहे, जिनमें 267 ने दौड़ पूरी की. सेना के अधिकारियों ने बताया कि चयन योग्यता, प्रदर्शन के आधार पर किया जा रहा है. अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे किसी दलाल या फर्जी एजेंट के झांसे में न आएं. भर्ती आधिकारिक प्रक्रिया के माध्यम से होती है. पैसे लेकर चयन कराने का दावा करने वालों से सतर्क रहें. किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दे.

# जीवन शैली सम्मान समारोह में नशामुक्ति का दिया संदेश

**भोपाल, 2 अगस्त. डॉ. केएम गांगुली योगपीठ संस्था का आठवां राज्य स्तरीय जीवन शैली सम्मान समारोह कमला पार्क स्थित आचार्य नरेंद्र देव पुस्तकालय में आयोजित हुआ.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत अभियान के तहत देश को नशामुक्त बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान में योग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और युवा योग को अपनाकर नशे से दूर रह सकते हैं. विशेष अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है. योग के जरिए नशे से मुक्ति की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है. उन्होंने संस्था प्रमुख डॉ. पवन गुरु से युवाओं को इस अभियान से जोड़कर नई दिशा देने का आह्वान किया. इस अवसर पर डॉ. केएम गांगुली स्मृति सम्मान डॉ. प्रियनाथ अग्रवाल, रत्नेश गुरु स्मृति सम्मान पूर्व आईपीएस पवन जैन, डॉ. सीबी गुरु स्मृति सम्मान जीएस वाधवा, जगदीश गुरु स्मृति सम्मान डॉ. राजीव अग्निहोत्री और मनोरमा गुरु साहित्य स्मृति सम्मान श्रीराम माहेश्वरी को प्रदान किया गया. कार्यक्रम में योगाचार्य ममता गुरु सहित योग साधक मौजूद रहे.

# अग्रसेन महाराज की महाआरती में जुटा समाज



**भोपाल, 2 अगस्त.** अग्रवाल समाज के आराध्य भगवान अग्रसेन महाराज एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी की 29वीं महाआरती रविवार को संपन्न हुई. सर्वजन प्रांतीय अग्रवाल महासभा ने महाआरती की जजमानी की. महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान अग्रसेन एवं माता महालक्ष्मी का पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि, एकता और सर्वकल्याण की कामना की. सर्वजन प्रांतीय अग्रवाल महासभा की अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल ने कहा कि भगवान अग्रसेन की महाआरती सामाजिक जागरण का माध्यम बन रही है. उन्होंने भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर शेड निर्माण और सुचारू साफ-सफाई व्यवस्था की मांग करते हुए कहा कि इसके लिए शासन-प्रशासन को शीघ्र पत्र दिया जाएगा.

### कोलार मुक्तिधाम में किया पौधारोपण

**भोपाल, 2 अगस्त.** श्री अद्भुत हनुमान धार्मिक एवं सामाजिक कल्याण सेवा समिति, कोलार रोड, द्वारा रविवार को पौधरोपण किया गया. समिति के अध्यक्ष पंडित एलएन शर्मा के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा कोलार मुक्तिधाम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, सनखेड़ी पौधरोपण किया गया. समिति का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित वातावरण का निर्माण करना है.



# भगवान श्री झूलेलाल का चित्र बनाने वाले बच्चों का सम्मान

▸ **बजरंग सेना समिति ने बच्चों को किया सम्मानित**

**संतनगर प्रतिनिधि**

**संत नगर, 2 अगस्त. बजरंग सेना समिति द्वारा ज्वाला कॉन्वेंट स्कूल में भगवान श्री झूलेलाल महाराज के आकर्षक चित्र बनाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में बच्चों ने भगवान श्री झूलेलाल के चित्रों के साथ बहिराणा साहिब का भी सुंदर चित्रण किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की.**

समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपने इष्टदेव तथा भारतीय संस्कृति से जोड़ना है. इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां नई पीढ़ी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनती हैं.

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल के प्राचार्य राज बतरा ने मुख्य अतिथियों माधू चांदवानी, राकेश शेवानी, समिति के मुख्य सलाहकार रूप कुमार सोनी, कमलेश देवानी, महेश खटवानी, पंडित राज कुमार गर्ग, रमेश कुमार तोलानी एवं राज कुमार धानुक का पुष्पमालाओं से स्वागत किया. सम्मानित होने वाले बच्चों में मानसी देवानी, अनिका टिलवानी, नमन देवानी, जीनल टिलवानी, अवनी बाबानी, प्रखिल बाबानी, मानव, मनन, गौरव और प्रियांशु तेजवानी सहित अन्य प्रतिभागी शामिल रहे.

**स्वास्थ्य** ▸ बेस्ट प्रैक्टिसेस इन मेडिसिन 2026 विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन में डॉक्टरों ने कहा–

# असामान्य धड़कन को नजरअंदाज करना जानलेवा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 2 अगस्त. एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया के मप्र स्टेट चैप्टर द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेस इन मेडिसिन 2026 विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को एक होटल में किया गया.**




सम्मेलन में प्रदेश भर से 200 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने भाग लिया और चिकित्सा क्षेत्र में आ रहे आधुनिक बदलावों पर विचार विमर्श किया. इस मौके पर चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा कि सीने में दर्द या असामान्य धड़कन को नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है. आयोजन सचिव डॉ. पीयूष मनोरिया ने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों को विभिन्न गंभीर बीमारियों के आधुनिक और सटीक इलाज की तकनीकों से अवगत कराना है. आयोजन के संरक्षक डॉ. पीसी मनोरिया की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में हृदय रोग, डायबिटीज, टीबी, थायराइड और पेट से जुड़ी बीमारियों के प्रबंधन पर देश के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए. सम्मेलन में दिल के दौरे और एट्रियल फिब्रिलेशन जैसी गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं के सही उपचार और त्वरित प्रबंधन पर चर्चा की गई. डॉ. मनोरिया और डॉ. आशीष नबार ने हृदय रोगों में दवाओं के उपयोग, समय पर इलाज और ईसीजी से सही निदान के तरीके बताए. उन्होंने कहा सीने में दर्द या असामान्य धड़कन को नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है.